काला काला करे गुजरी

काला काला करे गुजरी
मत काले का जिक्र करै
काले रंग पे मोरनी रुदन करै
काला काला करे गुजरी

मोटे मोटे नैन राधा के
इसमें यो सुरमा अजब सजै
काले रंग पे मोरनी रुदन करै
काला काला करे गुजरी

लाम्बे लाम्बे केश राधा के
जिसमें या मांग सिंदूर भरै
काले रंग पे मोरनी रुदन करै
काला काला करे गुजरी

लाम्बे लाम्बे पंख मोर के
इसके सिर पर मुकुट सजै
काले रंग पे मोरनी रुदन करै
काला काला करे गुजरी

हरे हरे बासां की हरी मुरलिया
जिसका खोया जग फिरै
काले रंग पे मोरनी रुदन करै
काला काला करे गुजरी

काला सर्प पड़्या बूमबी महँ
जिसका खाया तुरंत मरै
काले रंग पे मोरनी रुदन करै
काला काला करे गुजरी

eAstroHelp